5

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 02 नवम्बर 2018

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	03/11/18	04/11/18	05/11/18	06/11/18	07/11/18
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	36	35	35	34	34
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	17	16	16	15	15
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	2	0	2	1
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	71	73	74	75	77
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	12	14	15	16	17
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	3	5	7	6
हवा की दिशा	पूर्व	उत्तर–पश्चिम	उत्तर–पश्चिम	दक्षिण	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
रबी फसलें		रबी फसलों में दीमक की रोकथाम के लिए खेत तैयार करते समय अन्तिम जुताई पर क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से खेत में डालें।
गेहूं	तैयारी	गेहूं की बुवाई हेतु खेत को तैयार करें तथा उन्नत बीज व खाद की व्यवस्था करें। राज–4120, जी.डब्ल्यु–11, एच.डी–2967, के.आर.एल–210, के.आर.एल–13, राज–4238, राज–3077, राज–3777, राज–4037 राज–1482 डब्ल्यू.एच–147 व लोक–1 गेहूं की उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं।
जौ	तैयारी	जौ की बुवाई के लिए उन्नत बीजो की व्यवस्था करें तथा खेत तैयार करें। आर.डी–2794, आर.डी–2052, आर.डी–2035, आर.डी–57, आर.डी–31, आर.डी–103, आर.डी–2552, आर.डी–2715 व बिलाडा–2 उन्नत किस्में है।
पशु		इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।

(नौडल ऑफीसर)